युवाओं को रोजगार से जोड़ रहा ओडीओपी

माई सिटी रिपोर्टर

लविवि में विधि मंत्री ने राष्ट्रीय संगोष्ठी में कहा- हर जिले में रोजगार की संभावनाएं

लखनऊ। विधि मंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा है कि व्यापार की दृष्टि से उत्तर प्रदेश एक बड़ा बाजार है। इसकी मांग को एक जिला एक उत्पाद (ओडीओपी) एवं स्किल इंडिया के जरिये आसानी से पूरा किया जा सकता है। पीएम मोदी ने स्किल इंडिया का नारा दिया जो युवाओं को रोजगार से जोड़ने की मुहिम थी। ओडीओपी के जरिये हम युवाओं को सीधे रोजगार से जोड़ रहे हैं।

वे लखनऊ विश्वविद्यालय के मालवीय सभागार में वाणिज्य विभाग की ओर से 'उद्यमिता, विकास, रोजगार सृजन एवं विकास का आधार' विषयक दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी के उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रहे थे। बतौर मुख्य अतिथि उन्होंने कहा कि उद्यमिता और समावेशी विकास को यदि धरातल पर उतारना है तो उसके लिए हमें छात्रों में उद्यम के गुणों का विकास करना होगा। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने कहा कि हम उम्मीद करते हैं कि इस सम्मेलन से कुछ व्यावहारिक सबक आएंगे। मुख्य वक्ता जामिया मिलिया इस्लामिया, दिल्ली के प्रो. फुरकान कमर ने कहा कि व्यवसायियों को ब्रांड का नाम, उसकी वृद्धि एवं विकास व उद्यमिता के बारे में जानना चाहिए।

Page 2 in Amar Ujala Lucknow City (dated 19/2/21)